# bseb class 8th english solution | SHE LIVED HER DREAM

**SHE LIVED HER DREAM**
( उसने अपने सपने को साकार की )

HINDI TRANSLATION OF THE CHAPTER
**SabDekho.in**

**The whole world........ lived her dream .**

Word meaning ; Excited ( adj ) [ एक्साइटेड ] = उत्तेजित , उत्साहित । Space shuttle ( m ) [ स्पेस शटल ] = अंतरिक्ष यान । Broke apart ( phr ) [ ब्रोक अपार्ट ] = टुकड़े – टुकड़े हो गया । To land ( v ) [ टू लैन्ड ] = जमीन पर उतरना । हवाई जहाज का | Miracle ( n ) [ मिरेकल ] = चमत्कार | Million ( n ) [ मिलियन ] = दस लाख की संख्या | Orbit ( n ) [ ऑर्बिट ] = ग्रह का पथ / रास्ता । None theless ( adv ) [ नन्दलेस ] = तो भी , तथापि ।

**अर्थ** – कल्पना चावला अपना अंतरिक्ष अभियान समाप्त कर धरती पर वापस आने वाली थी । उसकी वापसी को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर था । फरवरी 2003 में उसकी धरती पर वापसी के उत्साह में लोग तरह – तरह की योजनाएँ बना रहे थे । पर कल्पना की वापसी नहीं हो पायी । ' कोलम्बिया शटल ' नामक वह विमान जो कल्पना को लेकर धरती पर उतरने वाला था , मात्र 16 मिनट पहले ही , धरती पर उतरने के , हवा में ही एक विस्फोट से टुकड़े – टुकड़े होकर बिखर गया । कई लोगों में किसी चमत्कार के हो जाने और कल्पना से बच जाने की आशा थी जो टूट गयी । अंतरिक्ष में एक महीना रहने के बाद , 6.5 मिलियन माइल की दूरी अंतरिक्ष में 252 ग्रह पथों की परिक्रमा करने के बाद कल्पना काल के गाल में समा गयी । पर आखिर उसने अपने सपने को तो साकार कर ही लिया था ।

**Kalpana Chawla was .......engineer in 1982.**

Word meaning : Traditional ( adj ) [ ट्रेडिशनल ] = पारम्परिक । Middle class ( n ) [ मिडिल क्लास ] = मध्यमवर्गीय । Youngest ( adj ) [ यगेस्ट ] = सबसे छोटी | Project ( n ) [ प्रोजेक्ट ] = योजना | Outer ( adj ) [ आउटर ] = बाहरी | Airplane ( n ) [ एअरप्लेन ] = वायुयान । Instead of ( phr ) [ इन्स्टीड ऑफ = के बदले में । Shock ( v ) [ शॉक ] = धक्का लगना । Manage ( v ) [ मैनेज ] = उपाय या प्रबंध करना | Aeronautical ( adj ) [ एअरोनॉटिकल ] = वैमानिक , विमान संबंधी । Engineer ( n ) [ इन्जिनियर ] = यंत्रकार , अभियंता ।

**अर्थ** — कल्पना चावला एक परम्परागत मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म ली थी । उसका परिवार हरियाणा राज्य के एक छोटे से शहर करनाल का बाशिंदा था ।
अपने माता – पिता की चार संतानों में कल्पना सबसे छोटी संतान थी । उसकी शिक्षा टैगोर स्कूल में शुरू हुई । वह बाकी छात्रों से बिल्कुल अलग साबित हुई । जब वह एक छोटी लड़की थी , तभी से हरियाणा में ही अंतरिक्ष से उसका प्यार शुरू हो गया था । वह अपना स्कूल का प्रोजेक्ट का काम भी करती थी तो अंतरिक्ष , तारे , ग्रहों और अंतरिक्ष के आस – पास की चीजों को अपने प्रोजेक्ट का हिस्सा बनाना शुरू कर देती थी । उसके शिक्षकों को यह देख आश्चर्य होता था कि जब बाकी छात्र खेल रहे होते थे , कल्पना अपनी कॉपी पर भिन्न प्रकार के हवाई जहाजों

evidyarthi

और भिन्न यानों के चित्र बनाने में मशगूल रहा करती थी। कल्पना के पिता व्यापारी थे। उन्होंने कल्पना को फ्लाईंग क्लब ( उड़ान की मंडली ) से जुड़वा दिया था। पर , तब वह आश्चर्यचकित रह गये जब कल्पना ने हवाई उड़ान को ही अपना कैरियर चुनने की इच्छा जाहिर की थी। जबकि वह कल्पना को डॉक्टर बनाना चाहते थे। कल्पना ने अपने पिता को और परिवार के अन्य सदस्यों को इस बात के लिए आखि राजी कर ही लिया। फिर वह 1982 में पंजाब के इंजीनियरिंग कॉलेज की पहली एअरोनॉटिकल ( वैमानिक ) इंजीनियर बनी।

**Her parents wanted ............... Jean – Pierre Harrison .**

Word meaning : Settle down ( phr ) [ सेटल डाउन ] = किसी काम को करके या शादी करके स्थायी तौर पर कहीं बस जाना। Strongly ( adv ) [ स्ट्रांगली ] = मजबूती से। Oppose ( v ) [ अपोज ] = विरोध करना। Postgraduate ( m ) [ पोस्टग्रैजुएट ] = एम . ए . की पढ़ाई , परा – स्नातक या स्नातक के ऊपर की पढ़ाई। Degree ( n ) [ डिग्री ] = उपाधि। Doctor ate ( n ) [ डॉक्टरेट ] = डॉक्टर का पद या उपाधि। Instructor ( n ) [ इन्स्ट्रक्टर ] = निर्देशक , निर्देश देने वाला | Aviation ( n ) [ एविएशन ] = वायुयान चलाना।

**अर्थ** – उसके माता – पिता की दिली ख्वाहिश थी कि वह शादी – ब्याह कर ले और शांति से , स्थायी रूप से कहीं बस के खुशहाल जीवन जिए। यही कारण है कि जब कल्पना ने अपनी स्नातक की शिक्षा के बाद की उच्च स्तरीय पढ़ाई यू . एस . में जाकर करने की ख्वाहिश जाहिर की , तो उसके माता – पिता ने मजबूती से इस बात का विरोध किया। लेकिन , फिर से जीत कल्पना की हुई। उसने अपने मास्टर की डिग्री यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास , अलिंगटन से प्राप्त की और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो से। वहीं वह अपने पति से मिली – लोन पियरे हैरिसन से , जो कि फ्रांस का उड़ान निर्देशक और वायुयान लेखक था।

**After doing her........... Johnson Space Centre .**

Word meaning : Research ( n ) [ रिसर्च ] = शोध | Centre ( n ) [ सेन्टर ] = केन्द्र। Selected ( v ) [ सिलेक्टेड ] = चुनी गयी। Applicant ( n ) ( एप्लिकेन्ट ] = आवेदक , अभ्यर्थी।

**अर्थ** -1988 में , एअरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर चुकी होने के बाद , कल्पना ने नासा में शोध वैज्ञानिक के बतौर काम शुरू किया , जो कि एम्स रिसर्च सेन्टर , कैलिफोर्निआ में है। 2062 आवेदकों में से 19 व्यक्तियों को अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था। कल्पना भी उनमें से एक थी। मार्च 1995 में , वह जॉनसन स्पेस सेन्टर में नियुक्त की गयी।

**On 19 November 1997 ............. ...... packing and reading .**

Word meaning : Flight ( m ) [ फ्लाइट ] = उड़ान। Space ( n ) [ स्पेस ] = अंतरिक्ष। To circle ( v ) [ टू सर्कल ) = चक्कर लगाना। Aerial ( adj ) ( एरिअल ] = वायवीय , वायु संबंधी। Packing ( 1 ) [ पैकिंग ] = यात्रा का सामान बाँधना | Aerobatics ( n ) [ एयरोबेटिक्स ] = हवाई116 FOR CLASS – VIII जहाज का सर्कस।

**अर्थ** -19 नवम्बर , 1997 का वह दिन था , जब कल्पना ने अंतरिक्ष यात्री के बतौर एक अमरीको यान द्वारा पंद्रह दिनों की हवाई उड़ान भरी। उसे धरती का एक पूरा चक्कर लगाने में सिर्फ 90 मिनट ही लगे थे। कल्पना और उसके पति को हवाई जहाज का सर्कस करने , लंबी उड़ान भरने , यात्रा की तैयारी करने और पढ़ने में खूब मन लगता था।

**Though she accepted ....... realise their dream .**

Word meaning : Accepted ( v ) [ एक्सेरटेड ] = स्वीकार की | Award ( n ) [ अवार्ड ] = पारितोषिक | Citizenship ( n ) [ सिटिजेनशिप ] = नागरिकता । Trip ( m ) [ ट्रिप ] = यात्रा । Tal ented ( adj ) [ टैलेन्टेड ] = प्रतिभाशाली । Instituted ( v ) [ इन्स्टीट्यूटेड ] = प्रारंभ करना या फिर प्रचलित करना । Annually ( adv ) [ एनुअली ] = सालाना रूप से , हर साल होने वाला । Bravery ( m ) [ ब्रेवरी ] = वीरता , बहादुरी । Service ( m ) [ सर्विस ] = सेवा । Achivement ( n ) [ एचिवसेन्ट ] = उपलब्धि । Continue ( v ) [ कन्टीन्यू = जारी रखना । Irspire ( v ) [ इन्स्पायर ] = प्रेरणा देना ।

**अर्थ** — जबकि कल्पना ने अमरीका देश की नागरिकता को अपना लिया था , फिर भी वह कभी अपने देश को नहीं भूली । हर साल वह अपने शहर से दो प्रतिभासम्पन्न बच्चों को अपने खर्चे पर नासा बुलाकर , नासा की सैर करवाती थी । उसने कई लड़कियों के अध्ययन का खर्च भी वहन किया था । तमिलनाडु की सरकार ने उसके नाम पर कल्पना चावला अवार्ड शुरू करवाया । यह अवार्ड सालाना रूप से स्वतंत्रता दिवस पर उसकी बहादुरी और सेवा के लिए दिया जाता है । अब कल्पना नहीं रही पर उसकी उपलब्धियाँ अब भी और हमेशा लोगों को प्रेरणा प्रदान करती रहेंगी कि लोग अपने सपने को साकार कर सकते हैं बशर्ते कि वह कड़ी मेहनत करें ।

**Summary :**

Kalpana Chawla was born in a small town Karnal in Haryana . Her family belonged to a traditional middle class . Her father was a business man . She was the youngest child of four children . Her father wanted her to marry and settle down . Just like other girls do . But Kalpana had a dream . Her dream was to become an astronaut . She didn't care for her family's opposition and achieved her dream . She met her sad death while returning on earth from her Columbia Shuttle ' on February 2003. Millions of people became sad on her death . This was her great achievement . Kalpana lived her dream . She has now become an inspiration for te mil lions of people that if they labour hard , they can also live their dream .

**सारांश** —

कल्पना चावला का जन्म हरियाणा राज्य के एक छोटे शहर करनाल में हुआ था । उसका परिवार एक पारम्परिक मध्यमवर्गीय परिवार था । उसके पिता एक व्यापारी थे । वह चार भाई – बहनों में सबसे छोटी थी । उसके पिता चाहते थे कि अन्य लड़कियों की तरह वह भी शादी करके अपना घर बसा ले । लेकिन कल्पना ने तो एक सपना देखा था और उसे अपना सपना पूरा करना था । उसका सपना था एक अंतरिक्ष यात्री बनने का । उसने अपने परिवार के विरोध की परवाह नहीं की और अपने सपने को साकार करके ही दम ली । फरवरी , 2003 में ' कोलम्बिया शटल ' नामक यान से अंतरिक्ष से धरती आने के दौरान यान में विस्फोट होने से उसकी दुखद मौत हो गयी । लाखों लोग उसकी मौत से गहरे शोक में डूब गये । यह उसकी उपलब्धि थी । कल्पना ने अपने सपने को साकार किया । अब वह लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन गयी है कि यदि वे भी कड़ी मेहनत करें तो वे भी अपने सपने को साकार कर सकते हैं ।


https://www.evidyarthi.in/